प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0

(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/1395 दिनांकः 26 नवम्बर, 2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों के छात्र/छात्राओं के पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु एक वर्ष अंतिम अवसर प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बद्ध में अवगत करना है कि विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 में कतिपय छात्र/छात्राएं बीमारी अथवा अन्य किसी कारणवश विश्वविद्यालय के अर्डिनेन्स में निर्धारित व्यवस्था के अर्न्तगत समय से अपना पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं कर पाये हैं, ऐसे सभी छात्र/छात्राओं एवं संस्थानों द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु किये गये अनुरोध को विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा परीक्षा समिति/विद्या परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में छात्रहित के दृष्टिगत स्वीकृत/अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिसका विवरण तालिका में उल्लेखित वर्षो में प्रवेश लिए है, जो निम्नवत् हैः

क्र. स.	पाठ्यक्रम का नाम	प्रवेशित छात्रों का वर्ष	अनुमति हेतु सत्र
1	बी0आर्क0, एम0सी0ए0 (डी0डी0), एम0ए0एम0, एम0सी0ए0- एकीकृत, एम0बी0ए0-एकीकृत एवं एम0टेक0-एकीकृत (Integrated)	2016	2024-25
2	बी0टेक, बी0फार्म, बी0एच0एम0सी0टी0, बी0एफ0ए0डी0 एवं बी0एफ0ए0,	2017	2024-25
3	बी0वोक (B.Voc) एवं एम0सी0ए0 (तीन वर्षीय)	2019	2024-25
4	एम0सी0ए0, (दो वर्षीय) एम0बी0ए0, एम0टेक0, एम0आर्क, एम0फार्म एवं एम0यू0आर0पी0	2020	2024-25

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत स्नातक एवं परास्नातक छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए नियमानुसार परीक्षा फार्म भरवाने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

26/11/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर/संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक